>

Title: Regarding new overnight trains from Badaun to Lucknow and Delhi.

डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं): अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । सर्वप्रथम आपको बहुत-बहुत बधाई । मैं आपका आभार व्यक्त करती हूँ, साथ ही साथ इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी व भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को भी धन्यवाद व आभार व्यक्त करती हूँ, जिनकी वजह से मैं आज यहाँ पर हूँ ।

मान्यवर, मैं इस प्रश्न के माध्यम से मेरे लोक सभा क्षेत्र बदायूं का दु:ख व्यक्त कर रही हूँ । आज़ादी के 72 वर्षों बाद भी बदायूं के लोगों को सीधे-सीधे लखनऊ व दिल्ली रेल मार्ग की सुविधा नहीं मिल पाई है, जो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है ।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री महोदय से यह जानना चाहती हूँ कि क्या बदायूं को लखनऊ व दिल्ली रेल मार्ग से जोड़ने की कोई योजना है अथवा नहीं? यदि है, तो उसके बारे में कृपा अवगत कराएं । यदि नहीं है, तो उस पर विचार करने की कृपा करें । साथ ही साथ मैं बदायूं लोक सभा क्षेत्र के गुन्नौर विधान सभा के अंतर्गत बबराला स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 14320 व 14321 महाकाल एक्सप्रेस का ठहराव चाहती हूँ, जिससे वहाँ की जनता लाभान्वित हो सके ।

अंत में, मैं लोक सभा बदायूं की समस्त सम्मानित जनता का व अपने शुभचिंतकों का इस संसद भवन से बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार व्यक्त करती हूँ । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती अपरूपा पोद्दार । अनुपस्थित ।

श्रीमती मीनाक्षी लेखी ।